# युद्ध गति से काम करके अवंती बाई चौंक पर प्रमुख राइजिंग पाइप लाइन का संधारण कर 5000 घरों में पानी पहुंचाया गया

**भिलाईनगर।** अवंती बाई चौक के समीप फरीदनगर टंकी से संयोजित 300 डाया कप प्रमुख राइजिंग पाइप लाइन गुजरती है। इसके माध्यम से फरीद नगर एवं उससे लगे हुए क्षेत्र में नियमित पानी सप्लाई लाइन किया जाता है। दो दिनों में लगभग 5000 घरों में जलापूर्ति बाधित थी। दो से तीन जगहों पर लीकेज था, उसे ठीक कराया गया , फिर भी सप्लाई में समस्या आ रही थी। उसे निगम के अभियंताओं द्वारा गहनता के साथ पता किया गया, तो पता चला कि अवंती बाई चौक के पास से जो राइजिंग पाइपलाइन गुजरती है वह पंचर हो गयी है। इसके कारण पानी सप्लाई 5000 घरों में बाधित हो रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिया कि गर्मी को देखते हुए बिना देर किए काम शुरू किया जाए। प्राप्त आदेशानुसार उपअभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा अपनी टीम को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य करवाए। जिसका नतीजा यह रहा कि पाइप लाइन ठीक हो गया है। पहले पानी की टंकी भरी हुई थी, उसके माध्यम से 12रू00 चउ तक जलापूर्ति सुविधा सुचारू रूप से बहाल की गई। पानी का सप्लाई नियमित रूप से होगा। इस सप्लाई से उस क्षेत्र के 5000 से अधिक परिवारों को नियमित पीने का पानी मिलने लगेगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल लोगों से अपील किए है कि पानी बहुत कीमती है, अक्सर देखने में आता है कि लोग अपने घर का पानी भर लेने के बाद नल बंद नहीं करते हैं । व्यर्थ पानी नाली में डालकर बर्बाद कर देते हैं। एक जगह का नल खुला छोड़ देने से दूसरे जगह पानी का प्रेशर कम हो जाता है, जिससे पानी चढ़ नहीं पाता है। यह सभी के सहयोग से होगा। नगर निगम अपना प्रयास कर रहा है, नागरिक भी सहयोग करें।

